<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>02.06.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे</u>

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार वंचित और बेसहारा बच्चों की शिक्षा के लिए चलाए जा रहे टोंगलेन ट्रस्ट को हरसंभव सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने आए ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्ट के तहत पढ़ रहे 14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को हर महीने एक हजार रूपये और 14 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को 2500 रूपये हर महीने वितीय सहायता दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ट्रस्ट के निदेशक थेरचिन ग्याल्तसेन ने किया। ट्रस्ट सरकार से विद्यालय के लिए भूमि पट्टे पर देने की मांग कर रहा है।

<u>स्पीति बीडीसी चुनाव</u>

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव संपन्न हो जाने के बाद अब इन संस्थाओं में अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के पदों पर तैनाती को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के स्पीति पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

<u>सिरमौर जिला परिषद</u>

सिरमौर जिला परिषद के लिए मतगणना बीती देर रात संपन्न हो गई। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता के अनुसार जिला परिषद के चुनाव परिणामों में 17 में से 13 वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे हैं। कांग्रेस समर्थक सिर्फ 3 उम्मीदवार जीते हैं, जबकि एक वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की है।

<u>कांगड़ा चुनाव</u>

कांगड़ा जिला परिषद के चुनाव के सभी नतीजे आ जाने के बाद अब राजनीतिक तस्वीर साफ हो गई है। जिले के कुल 54 वार्डों में से 24 में भाजपा समर्थित, 13 में कांग्रेस समर्थित और 17 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे हैं। ऐसे में अब निर्दलीय उम्मीदवारों की जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस इन्हें अपने–अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

<u>डीसी कुल्लू</u>

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने कहा है कि जिला परिषद वार्ड जरड़भुट्टी और धाउगी की मतगणना में कोई भी गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई है। उपायुक्त ने इन दोनों वार्डों में कथित अनियमितताओं की शिकायत लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायत के संबंध में सभी तथ्यों और परिस्थितियों का विधिसम्मत परीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित वार्डों के चुनाव परिणाम विधिवत घोषित किए जा चुके हैं और मौजूदा परिस्थितियों में परिणामों के संबंध में कोई भी प्रशासनिक हस्तक्षेप निर्वाचन नियमों के अनुरूप संभव नहीं है।

<u>कुलपति</u>

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने कहा है कि बीते एक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में शोध के क्षेत्र में बेहतरीन काम हुआ है और आधारभूत ढांचे के साथ–साथ शोधपत्रों की गुणवता में सुधार आया है। कुलपति के रूप में अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर महावीर सिंह ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 5 सालों में विश्वविद्यालय में भर्ती और पदोन्नति प्रक्रिया में भाई–भतीजावाद के संकेत मिले हैं। महावीर सिंह ने कहा कि उन्होंने कुलपति बनने के एक साल के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दिया है। कुलपति ने कहा कि उन्होंने अपने किसी भी रिश्तेदार को विश्वविद्यालय में भर्ती नहीं किया है।

<u>हमारे पिछले मेरे एक साल के कार्यकाल में तकरीबन 600 शोधपत्र प्रकाशित हुए हैं, जो कि बड़ी इंप्रेसिव बात है। फैकेल्टी को भी इनकारजे किया, अगर विश्वविद्यालय को इंटरनेशनल स्तर पर सफल करवाना है, तो शोधपत्र हाई क्वालिटी के होने चाहिए, लोकल जनर्रल नही छपने चाहिए। अगर पब्लिकेशन करने हैं, तो हाईइनटेसिंव फक्टर में डालना पड़ेगा।</u>

नौणी विश्वविद्यालय

डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्योनिगी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के पांच वर्तमान व पूर्व विद्यार्थियों का जनजातीय गरिमा उत्सव के लिए चयन हुआ है। ये विद्यार्थी आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से प्रस्तावित संवाद में हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि इन विद्यार्थियों में अभिषेक नेगी, ज्यौति चौधरी, सुमन बोध, सुदर्शना और मोहम्मद हुस्नैन शामिल हैं। ये छात्र जनजातीय समुदाय के उन प्रतिभाशाली युवाओं में से हैं, जिन्होंने नेशनल फैलोशिप फॉर शेडयुल ट्राइब्स का लाभ लिया है।
डीसी चंबा

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जिला के सभी लोगों से जनगणना 2027 में सक्रिय सहयोग देने और प्रगणकों को सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की है। उपायुक्त ने अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना सुविधा का उपयोग कर जनगणना प्रक्रिया को सरल, तेज व प्रभावी बनाने का भी आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया पहली जून से आरंभ हो गई है और इसमें आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक से 15 जून तक नागरिक जनगणना 2027 की आधिकारिक बैबसाइट पर जाकर स्वजनगणना में हिस्सा ले सकते हैं।